बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग
आमंत्रण सूचना संख्या –

# अल्पकालीन निविदा

दिनांक 24.11.2023 से 25.12.2023 तक हरिहर क्षेत्र, सोनपुर में आयोजित होने वाले मेला के अवसर पर बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग द्वारा सम्पादित कार्यों को श्रम संसाधन विभाग के लिये आवंटित भूखण्ड 80X60 वर्गफीट (सेक्टर संख्या–(B)–VII) में प्रदर्शित करने वाले भौतिक मॉडलों, विभागीय गतिविधियों, नियोजन मेला आयोजन के साथ विभाग के स्टॉल को सुसज्जित करने तथा उसका पूर्ण प्रबंधन एवं संचालन करने हेतु अर्हताधारी व्यक्ति/कंपनी/संस्था से **दिनांक 30.11.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक** प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

**निविदा में भाग लेने हेतु शर्तें–**

1. निविदा में पंजीकृत फर्म भाग लेंगे।
2. निविदा के साथ अग्रिम राशि के रूप में रू. 50,000/– (रूपये पचास हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट बिहार कौशल विकास मिशन, पटना के नाम से देय होगा।
3. इस प्रकार के आयोजन हेतु राजकीय/मेला/प्रदर्शनी के कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र देना होगा।
4. निविदादाता द्वारा पूर्व 3 वर्षों में सरकारी ईवेंट मैनेजमेंट का कम से कम एक 10 लाख रूपये के एकल कार्यादेश पर कार्य किया हो।
5. निविदादाता का वित्तीय वर्ष 2021–22 या 2022–2023 के किसी एक वर्ष में न्यूनतम रू. 50.00 लाख का टर्नओवर होना चाहिए। टर्नओवर से संबंधित सी0ए0 द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र एवं बैलेंस शीट और प्रॉफिट एण्ड लॉस एकाउंट की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. निविदादाता का जी0एस0टी0 पंजीयन संलग्न करना अनिवार्य है।
7. वित्तीय निविदा एक अलग सीलबंद लिफाफे में देना होगा।
8. निविदादाता को विवरणी में वर्णित सभी कार्य को ससमय करना होगा।
9. निविदादाता को अपने फर्म की विशिष्टितायें सहित तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में देना होगा। लिफाफे के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग अंकित करना होगा, तथा फिर दोनों को एक तीसरे लिफाफे में सील बंद कर जमा करना होगा। तकनीकी रूप से सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
10. निविदा देने के उपरान्त निविदा समिति के समक्ष प्रस्तावित कार्यों का विवरण या पावर प्वाईंट प्रस्तुत करना होगा, जिसमें प्रस्तावित मॉडल, रिसेप्शन, प्रदर्शित, की जाने वाली मीडिया (Films, Sound Clips) वितरित किये जाने वाले बुकलेट स्टॉल के पूर्ण डिजाईन एवं सुसज्जीकरण आदि पक्षों को शामिल करना अनिवार्य होगा, जिनका प्रस्तुतीकरण अच्छा होगा सिर्फ उन्हीं फर्मों की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
11. सफल एजेंसी को प्रत्येक कार्यदिवस में किये गये कार्यों का प्रमाणीकरण संबंधित नोडल पदाधिकारी से लेना होगा।

12. अद्योहस्ताक्षरी का बिना कारण बताये किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार रहेगा।
13. त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. दिनांक 30.11.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के 'ए' विंग, पांचवा तल, नियोजन भवन, आयकर गोलम्बर, बेली रोड, पटना स्थित कार्यालय में निविदा अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक 30.11.2023 को अपराह्न 4:00 बजे बिहार कौशल विकास मिशन के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी जिसमें निविदादाता भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। निविदा खोलने के उपरांत निविदादाताओं द्वारा प्रस्तावित कार्यों का विवरण या पावर प्वाइंट प्रस्तुत करना होगा।
15. विद्युत आपूर्ति का बैकअप 5 मिनट से ज्यादा की अवधि में चालू नहीं करने पर रू. 2,000/– प्रतिघंटा की दर से प्रत्येक घंटे या घंटे के अंश पर पूर्ण जुर्माना लगाया जायेगा।
16. किसी भी प्रकार की आई0टी0 सुविधा के 30 मिनट से अधिक आउटेज की स्थिति में रू. 2,000/– प्रतिघंटा की दर से प्रत्येक घंटे या घंटे के अंश पर पूर्ण जुर्माना लगाया जायेगा।
17. निर्धारित समयसीमा से देरी की स्थिति में प्रतिदिन रू. 5000/– जुर्माने के रूप में लगाया जा सकता है।
18. संतोषप्रद कार्य न करने की स्थिति में अधिकतम 10 प्रतिशत राशि जुर्माने के रूप में लगाई जा सकती है जो नहीं किये गये कार्य के लिये भुगतेय राशि के अतिरिक्त होगा।
19. कार्यविवरण एवं अन्य सूचनाएँ विभागीय वेबसाईट https://skillmissionbihar.org/ पर देखी जी सकती है।
20. निविदा की सभी शर्तें निविदा खुलने की तिथि को मान्य/वैध होनी चाहिए।

24/11/23

**मिशन निदेशक,**
**बिहार कौशल विकास मिशन**
**मो. न. 9431881162**

वित्तीय निविदा

| क्र. | विवरण | यूनिट | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | जिला पदाधिकारी, सारण, छपरा द्वारा उपलब्ध कराये गये 80 X 60 वर्गफीट भूखण्ड (जो भौतिक स्थिति अनुसार घट या बढ़ सकता है।) में स्टॉल का निर्माण एवं उत्कृष्ट डिस्प्ले सिस्टम (LED Wall) सहित दृश्य–श्रव्य माध्यमों (ऑडियो, विडियो, फिल्म प्रस्तुतीकरण आदि) का सृजन एवं प्रदर्शन से संबंधित सभी कार्य। | प्रतिवर्गफीट प्रतिदिन | |
| | मेला स्थान का समतलीकरण एवं प्रत्येक दिन स्थान की साफ–सफाई। | | |
| | बांस–बल्ली या धातु शेड का प्रयोग कर Water Proof पंडाल निर्माण करने का कार्य। | | |
| | लगभग 80 प्रतिशत जमीन पर Wooden Flooring कर सिन्थेटिक कारपेट बिछाने का कार्य। | | |
| | स्टॉल के आगे फेशिया का निर्माण। | | |
| | Plywood पी0ओ0पी0, रंग पेन्ट इत्यादि से स्वीकृत डिजाईन के अनुसार निर्माण कार्य। | | |
| | उद्‌घाटन एवं समापन के दिन पण्डाल को फूल से डेकोरेट करने एवं 10 बुके की व्यवस्था का कार्य। | | |
| | स्टॉल के अन्दर Plywood से Wall निर्माण कर ट्रांसलाइट के द्वारा विभिन्न योजनाओं को दिखाने का कार्य। | | |
| | स्टॉल के अन्दर विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं को Sculpture वर्क के द्वारा जीवंत दिखाने का कार्य। | | |
| | भौतिक मॉडलों के सुसज्जीकरण, अधिष्ठापन एवं प्रदर्शन का कार्य। | | |
| | पावर बैकअप, अग्निशमन एवं प्रसाधन की समुचित व्यवस्था का कार्य। | | |
| | निविदादाता द्वारा स्टॉल के अन्दर 02 रेस्ट रूम, शौचालय के साथ तैयार करना होगा, जिसमें 01 रेस्ट रूम विशिष्ट अतिथिगण के लिये होगा, जबकि दूसरा मेला में प्रतिनियुक्ति कर्मियों के प्रयोजन के लिये रहेगा। | | |
| | निविदादाता फर्म को उक्त आयोजन स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति व्यवस्था करनी होगी। | | |
| | स्टॉल के अंदर एवं बाहर आवश्यकतानुसार आवश्यक विद्युत सजावट करने का कार्य। | | |
| | स्टॉल को प्रदर्शन अवधि में न्यूनतम दो होस्टेस की व्यवस्था सहित रिसेप्शन डेस्क का अधिष्ठापन करने का कार्य। | | |
| | राउंड–द–क्लॉक सफाई की व्यवस्था करने का कार्य। | | |
| | स्टॉल का उत्कृष्ट सुसज्जीकरण, फिक्शचर इत्यादि की व्यवस्था का कार्य। | | |
| 2. | स्टॉल के अन्दर 75 इंच के दो प्लाज्मा / एल0सी0डी0 / एल0ई0डी0 टी0वी0 लगाने का कार्य। | प्रति टी0वी0 प्रतिदिन | |
| 3. | स्टॉल के अन्दर 6 फीट गुणा 03 फीट का 20 अद्‌द ब्रोमाइड पैनल का निर्माण कर, लगाने का कार्य। | प्रति पैनल | |
| 4. | निविदादाता फर्म को उक्त आयोजन स्थल पर हाई–स्पीड इंटरनेट (4 X 300 MBPS) की व्यवस्था करना होगा। | प्रति कनेक्शन | |

| क्र. | विवरण | यूनिट | दर |
|---|---|---|---|
| | पूरे पण्डाल में कम से कम 60 MBPS स्पीड के वाई–फाई के लगभग 4 Access Point की व्यवस्था करनी होगी। | Per Access Point per day | |
| 5. | निविदादाता फर्म को उक्त आयोजन स्थल पर प्रतिदिन लगभग 100 बॉटल पेयजल (200 Ml. Bottle) की व्यवस्था करनी होगी। | प्रति बॉटल | |
| 6. | प्रतिदिन लगभग 20 व्यक्तियों के लिये 2 Cookies with Tea / Coffee की व्यवस्था का कार्य। | प्रति व्यक्ति प्रतिदिन | |
| 7. | आवश्यकतानुसार प्रतिदिन लगभग 10 कोल्ड ड्रिंक्स की व्यवस्था। (200 Ml Can) | Per can | |
| 8. | फर्नीचर की व्यवस्था। (सोफा 3 सीटर) लगभग 4 अदद् | प्रति सोफा प्रतिदिन | |
| 9. | उद्घाटन एवं समापन समारोह के दिन फर्नीचर की व्यवस्था (कुर्सी) लगभग 100 अदद्। | प्रति कुर्सी प्रतिदिन | |
| 10. | उद्घाटन एवं समापन समारोह के दिन फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी की व्यवस्था का कार्य। | – | |
| 11. | दो अदद सुरक्षा गार्ड राउंड–द–क्लॉक की व्यवस्था कार्य। | प्रतिगार्ड प्रतिदिन | |
| 12. | विभाग के कार्यों के प्रदर्शन हेतु भौतिक मॉडलों की व्यवस्था करना। | प्रतिमॉडल | |
| 13. | काउंसिलिंग सेंटर, आई0टी0 डेस्क काउंटर (लैपटॉप, कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रिन्टर कॉर्टिज, पेपर एवं स्टेशनरी, इंटरनेट) इत्यादि की व्यवस्था करना। | प्रतिदिन | |
| 14. | निविदादाता फर्म को आयोजन स्थल पर उद्घाटन दिवस एवं समापन दिवस के अवसर पर लगभग 100 व्यक्तियों के लिये भोजनादि (अनुलग्नक–'अ') की व्यवस्था करनी होगा। | प्रतिप्लेट | |
| 15. | आवश्यकतानुसार लगभग 10 प्रतिदिन अल्पाहार की व्यवस्था। (अनुलग्नक–'ब') | प्रतिव्यक्ति | |
| 16. | शेष दिवसों पर लगभग 20 व्यक्तियों के लिये भोजनादि की व्यवस्था करनी होगा। (अनुलग्नक–'स') | प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन | |

नोट :

(अ) The Overall calculated cost will be arrived at by multiplying the unit rate with Indicated Quantity for 20 days for deciding lowest bid.

(ब) वित्तीय निविदा के क्रम संख्या 1 में वर्णित कार्य कम से कम 80 प्रतिशत पूर्ण होने के बाद से ही भुगतेय दिनों की गिनती प्रारंभ होगी।

22/11/23